

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

गुरुवार
29 सितम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**चतुर्थ कूष्माण्डा**



वन्दे वांछित कामर्थेचन्द्रार्घकृतशेखराम।
सिंहरूढाअष्टभुजा कुष्माण्डायशस्वनीम।
सुरासम्पूर्ण कलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

## नगर निकाय चुनाव में नोटा को बाय-बाय, हर हाल में किसी कैंडिडेट को देना होगा वोट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अगले महीने नगर निकाय चुनाव होनेवाला है। चुनाव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस तैयारी के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने कई मतदाताओं का दिल तोड़नेवाला फैसला लिया है। यानी इस बार चुनाव में मतदाताओं के लिए नोटा का कोई विकल्प नहीं होगा। यानी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे उम्मीदवार अगर आपकी पसंद के नहीं तो भी आपको उनमें से किसी एक को वोट देना ही होगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से




मिली जानकारी के अनुसार नगर निकाय चुनाव में ईवीएम मशीन एम2 का प्रयोग किया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इससे संबंधित गाइडलाइन जारी किया है।

राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह और नाम का इस्तेमाल नहीं

गाइडलाइन में कहा गया है कि

- चुनाव में इस बार ईवीएम मशीन एमटू का हो रहा प्रयोग, इस मशीन में नहीं होगा नोटा का बटन
- राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी की नई गाइडलाइन
- नगर निकाय के मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व पार्षद के लिए होगा अलग-अलग ईवीएम

नगर निकाय चुनाव में राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह और नाम का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। नगर निकाय के मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद व पार्षद के लिए अलग-अलग ईवीएम का प्रयोग किया जाएगा। एक मतदान दल में पीठासीन पदाधिकारी तथा मतदान अधिकारी समेत छह सदस्य होंगे। मतदान केंद्र के बाहर पीठासीन पदाधिकारी मतदान केंद्र के नाम, मतदान केंद्र संख्या तथा मतदान केंद्र से संबंधित मतदाता सूची निर्वाचन करने वाले प्रत्याशी व आवंटित निर्वाचक प्रतीक की सूची प्रदर्शित करेंगे।

**विधानसभा या लोकसभा चुनाव के ईवीएम में नोटा बटन:** गौरतलब है कि विधानसभा या लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतदान में ईवीएम में प्रत्याशी के नाम के सामने चुनाव चिन्ह होता है, जहां मतदाता बटन दबाते हैं। इसमें एक नोटा का बटन भी रहता है। इसका उपयोग वैसे मतदाता करते हैं, जिन्हें कोई प्रत्याशी पसंद न हो। लेकिन नगर चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा लगाई जाने वाली ईवीएम में नोटा नहीं होगा। ईवीएम में सिर्फ प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह रहेगा। इससे मतदाता जो वोट देने आएंगे, वे किसी न किसी उम्मीदवार के नाम के आगे बटन दबाकर वोट देंगे। यद्यपि अभी प्रशासन की ओर से जिले में मतदाता जागरूकता अभियान नहीं चलाया जा रहा है। इसके चलते अब भी मतदाताओं के बीच ईवीएम से मतदान करने को लेकर कई तरह का भ्रम है। कई लोग यह सोच रहे थे कि ईवीएम में नोटा का भी बटन होगा। लेकिन निर्वाचन आयोग ने यह सुविधा इस बार ईवीएम में मतदाताओं के लिए नहीं दी है।

### लालू प्रसाद लगातार 12वीं बार बने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मीडिया से बातचीत में भाजपा पर किया वार

# पीएफआई की तरह आरएसएस पर भी लगे बैन: लालू

**केटी न्यूज/पटना**

लालू प्रसाद राजद के एक बार फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। वे पार्टी के लगातार 12वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान पीएफआई के बैन से जुड़े सवाल उन्होंने कहा कि इस पर जांच हो रही है। इसकी तरह जितने भी संगठन हैं, सभी पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जिसमें आरएसएस भी शामिल है। सबसे पहले इसे बैन करना चाहिए ये पीएफआई से भी बदतर संगठन है। यही बात उन्होंने ट्विटर पर भी कही। ज्ञात हो कि आरएसएस पर सबसे पहले प्रतिबंध लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने लगाया था। राजद सुप्रीमो ने दावा किया कि अब भाजपा की हार निश्चित है। लोगों से बात हो रही है। सोनिया गांधी से भी बात हुई है। आगे की



रणनीति को लेकर एक-दो घंटे तक सोनिया गांधी से विस्तार में बातचीत हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बाद फिर हम सोनिया गांधी से मिलेंगे और रणनीति तय करेंगे। इस बार भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। नीतीश और तेजस्वी मिलकर देश और बिहार संभालेंगे। राजद नीतीश के साथ मजबूती से खड़ा है। नीतीश कुमार और हमारी पार्टी साथ हैं और हमारी एकजुट ताकत से देश से भाजपा की विदाई निश्चित है। यह पहला ऐसा मौका है कि दिल्ली में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन भरा गया और अधिवेशन भी दिल्ली में ही किया जाएगा। राजद को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए दिल्ली में आयोजन किया जा रहा है।

- राजद सुप्रीमो का दावा, इस बार भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा
- कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के बाद फिर सोनिया गांधी से मिलकर तय करेंगे रणनीति
- लालू बोले हिंदू-मुस्लिम करके देश को तोड़ने में लगी है भाजपा

**लालू बोले, देश को तोड़ रही है भाजपा :** लालू ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और जदयू का जो मिलन हुआ है वह उदाहरण है। अब मोदी की विदाई तय है। नीतीश कुमार का भरोसा हम टूटने नहीं देंगे। चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। महंगाई है। हिंदू- मुस्लिम करके देश को तोड़ा जा रहा है। हर बार हिंदू-मुस्लिम किया जा रहा है। मैंने पहले ही कहा था कि देश रहेगा या टूटेगा। मस्जिदों पर चढ़कर भगवा फहराकर और मस्जिदों के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करके देश में दंगा फसाद कराना चाहते हैं और शासन में बने रहना चाहते हैं।

**ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा प्रतिबंधित हो भाजपा:** वहीं बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पीएफआई पर लगे प्रतिबंध पर कहा है कि भाजपा और आरएसएस दोनों पर प्रतिबंध लगे। कहा कि जो भी संगठन समाज में गैर बराबरी, तनाव एवं नफरत फैलाने का काम करते हैं, उन सब पर प्रतिबंध लगाया जाए।

### सुशील मोदी बोले, हिम्मत है तो बिहार में आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दें लालूजी



लालू प्रसाद के आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने के बयान पर पलटवार करते हुए राज्यसभा सांसद पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने ट्वीट कर कहा है कि 'हिम्मत है लालू जी तो बिहार में आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दीजिए। आपकी सरकार है। आरएसएस से वैचारिक मतभेद हो सकता है, परंतु उसकी देशभक्ति पर किसी को संदेह नहीं है।'

### न्यायाधीश ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण



**गाजीपुर।** न्यायाधीश के साथ-साथ डीएम-एसपी ने आज जिला जेल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल पुलिस कर्मियों में अफरा-तफरी मची रही। जिला कारागार गाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण जनपद न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह-द्वितीय, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक रोहन पी. बौत्रे ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियों के सम्बन्ध मे पूछा और उनके खान-पान एवं साफ-सफाई के की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी। इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। बैरकों में बन्दियो के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया।

## करोड़ों के गबन का आरोपी बक्सर से गिरफ्तार, सरगना की तलाश

- प्रदीप राय को रिमांड पर लेकर करोड़ों के गबन की धनराशि का पता लगाएगी पुलिस

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

करोडों के गबन के आरोपी को पुलिस ने बक्सर से गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रदेश में रिटायर्ड आईएएस समेत कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से धोखाधड़ी करने वाले गोड़ऊर निवासी उपेंद्र राय के खिलाफ कोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस की दबिशें जारी हैं। पुलिस ने बिहार के बक्सर जिले के करहसीं में दबिश देकर



गबन के आरोपी गोड़ऊर निवासी प्रदीप राय को दबोच लिया। वह बिहार से दिल्ली भागने की फिराक में था। सीजेएम कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। करीमुद्दीनपुर पुलिस अब प्रदीप राय को रिमांड पर लेकर करोड़ों के गबन की धनराशि का पता लगाएगी। सीओ मुहम्मदाबाद श्यामबहादुर सिंह ने बताया कि करीमुद्दीनपुर थाने में मुंबई निवासी कारोबारी राहुल शर्मा ने पिछले दिनों गोड़ऊर निवासी उपेंद्र राय के अलावा उसकी पत्नी मयूरी राय, पिता प्रदीप राय और साली सृष्टि राय के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों की सप्लाई का काम दिलाने के एवज में 52 लाख रुपये की ठगी की थी। कमल कोच प्राइवेट लिमिटेड का फर्जी डायरेक्टर बनकर चिट्ठी भी जारी कर दिया। इससे पहले साली सृष्टि राय की गिरफ्तारी हो गई और अब पिता प्रदीप राय भी सलाखों के पीछे पहुंच गया है। उपेंद्र राय, उनकी पत्नी और उनकी मां के खिलाफ तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। निर्धारित समय नहीं मिलने पर पुलिस 82 की कार्रवाई भी अमल में लाएगी। प्रदीप राय पर दर्ज एससीएसटी एक्ट में जांच सीओ एसबी सिंह करेंगे। इन आरोपितों के खिलाफ लखनऊ के गोमतीनगर थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

### एकता कपूर और उनकी मां के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**बेगूसराय।** टीवी सीरियल और फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। बेगूसराय सिविल कोर्ट ने यह वारंट जारी किया है। कोर्ट ने यह वारंट वेब सीरीज सीजन- 2 को लेकर जारी किया है। दरअसल, इस वेब सीरीज में फौजी की पत्नी को लेकर शर्मनाक सीन दिखाया गया था। इसे सेना का अपमान मानते हुए बेगूसराय कोर्ट में पिछले साल मामला दर्ज कराया गया था। इसी मामले को लेकर कोर्ट ने वारंट जारी किया है।

## आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी को कोर्ट में पेश होने का आदेश

### सीबीआई ने याचिका में कहा, अधिकारियों को धमका रहे तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**


बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को कथित आईआरसीटीसी घोटाले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा है। अदालत ने सीबीआई की उस याचिका पर तेजस्वी को जवाब देने का और समय दिया है, जिसमें उनकी जमानत रद्द करने की मांग की गई है। बुधवार को कोर्ट ने इस याचिका पर फैसला नहीं सुनाया। इस पर अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी, इस दिन तेजस्वी यादव को भी कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। वहीं, राउज एवेन्यु कोर्ट ने तेजस्वी के पिता और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को राहत देते हुए उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर जाने की अनुमति दे दी है।

पिछले दिनों सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें तेजस्वी यादव की जमानत रद्द करने की मांग की गई। सीबीआई का कहना है कि तेजस्वी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। ये जमानत की शर्तों का उल्लंघन है। इसलिए उनकी बेल रद्द की जाए। इसके बाद अदालत ने नोटिस जारी कर तेजस्वी से इस मामले पर जवाब मांगा था। अब कोर्ट ने तेजस्वी को अपना जवाब पेश करने के लिए और समय दिया है। दरअसल, 25 अगस्त को राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेजस्वी यादव ने कहा था कि 'क्या सीबीआई अधिकारियों की मां और बच्चे नहीं होते ! क्या उनका परिवार नहीं है! क्या वे हमेशा सीबीआई अधिकारी रहेंगे!

## उपचाराधीन टीबी मरीजों को निर्गत की जा रही पोषण राशि

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला में टीबी रोग के प्रति जनजागरूकता लाकर वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है। यह एक सामाजिक दायित्व है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग सहित आमजनों की सहभागिता भी जरूरी है। टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार टीबी रोगियों को चिह्नित करने, जांच व इलाज सहित निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाने का काम किया जा रहा है। जिले के उपचाराधीन टीबी



मरीजों की पोषण की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिला यक्ष्मा केंद्र द्वारा निश्चय पोषण योजना के तहत राशि लाभार्थियों को निर्गत की जा रही है।

**अप्रैल से 28 सितंबर तक 1.50 करोड़ से अधिक राशि की गयी निर्गत:** जिला यक्ष्मा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष एक अप्रैल से 28 सितंबर तक उपचाराधीन टीबी मरीजों को 1, 57, 08, 500 रुपये (1 करोड़,57लाख, 8 हजार, 500 रुपये) की राशि निर्गत की जा चुकी है। जिला में 1 अप्रैल से 28 सितंबर तक 16745 मरीज चिह्नित किये गए हैं। इन मरीजों में 241 मरीज ऐसे हैं जो मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी से ग्रसित हैं। निश्चय पोषण योजना के तहत सरकार द्वारा मरीजों मरीजों के पोषण की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपचार की अवधि के दौरान हर महीने 500 रुपये की पोषण राशि प्रदान की जाती है।

**टीबी मरीजों को गोद लेने की हो रही है पहल :** सरकार द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने की पहल शुरू की गयी है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति, स्वयंसेवी संस्था, जन प्रतिनिधि आदि निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीज को गोद ले सकते हैं। टीबी रोगियों को गोद लेकर उनकी सहायता कई तरीके से की जा सकती है। टीबी मरीजों से भावनात्मक संबंध होना महत्वपूर्ण है। निश्चय मित्र बन सामाजिक दायित्व के तहत मरीजों के अस्पताल आनेजाने, इलाज और खानपान का खर्च उठा सकते हैं। टीबी के मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित करें तथा उनके आहार का प्रबंधन करें। बेहतर खानपान के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत मिलने वाली 500 रुपये राशि दिलाने में मदद की जा सकती है।

**टीबी उन्मूलन है सामूहिक प्रयास से संभव:** टीबी रोग लाइलाज नहीं है। दवा सेवन से यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। इसे ध्यान में रख मरीजों के प्रति होने वाले सामाजिक भेदभाव को को दूर करने के लिए लोगों को सही जानकारी दें। टीबी के प्रति भ्रांतियों को दूर करें. टीबी मरीजों को सरकारी सहायताओं की जानकारी दें। पंचायती तथा अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि टीबी से पीड़ित मरीजों की आर्थिक सामाजिक रूप से मदद कर सकते हैं। समाज के प्रतिनिधि होने के कारण वे पूरे समुदाय में सही जानकारी देकर टीबी उन्मूलन की दिशा में अलख जगा सकते हैं। इससे समुदाय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## पटना जिले के 1387 पूजा पंडालों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**केटी न्यूज/पटना**

कोरोना काल के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा जब दुगार्पूजा के दौरान पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी। इसके साथ ही नगर निकाय चुनाव को देखते हुए प्रत्याशी और उनके समर्थकों के भी पूजा पंडाल में नजर आने की संभावना है। इसे देखते हुए पटना पुलिस ने खास तैयारी की है। पटना के एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने नवरात्र और नगर निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाने का दावा किया है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि पूजा और चुनाव की वजह से जिला पुलिस के साथ ही बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगे। इस बार पूरे पटना जिले में 1387 पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पूजा पंडालों को लाइसेंस दिया गया है। सुरक्षा के लिए यह तय किया गया है कि हर पंडाल में आयोजकों के द्वारा ही सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। जिन जगहों पर बड़े पंडाल बनेंगे, वहां पर जिला प्रशासन की तरफ से भी सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।

## शहर छोटी खबरें

### नदी से डूबने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**छपरा।** जिले के सोनपुर थाना अंतर्गत सवलपुर दियारा बिनटोली में बुधवार को एक युवक का नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सबलपुर बिनटोली निवासी रघुबीर महतो के बेटे नन्हक महतो के रूप में की गई है। जो दोपहर में गंगा नदी में स्नान करने के लिए गया हुआ था। लेकिन, नहाने के दौरान उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय थाना को दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाले के लिए गोताखारों को बुलाया। काफी देर तक तलाश करने के बाद भी युवक नहीं मिला। शाम होने के थोड़ी देर पहले गोताखोरों को तीन किलोमीटर दूर शव बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इधर, शव मिलने के साथ ही परिजनों में चीख पुकार मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### थाने में नष्ट की गई सैंकड़ों लीटर शराब

**छपरा।** जिले के मशरक थाना परिसर में बुधवार को विभिन्न कांडों में जब्त कर रखी गई शराब का विनिष्टीकरण किया गया। थाना परिसर में मौजूद उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार की मौजूदगी में थाना अध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा ने तमाम शराब और डब्बे को नष्ट कर जलाकर जमीन के अंदर गड्ढे में ढक दिया गया। जब्त किये गए 190 लीटर विदेशी शराब तथा 105 लीटर देशी शराब को नष्ट किया गया। नष्ट किये गए शराब का बाजार मूल्य 3 लाख रुपये के करीब बताया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने बताया विभाग के आदेश के अनुसार जब्त शराब को मौजूद अधिकारी के समक्ष नष्ट कर दिया गया है। उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी सारण के आदेशानुसार मशरक थाना में विभिन्न 11 कांडों में जप्त देशी 105 लीटर और अंग्रेजी 190 लीटर शराब को विनष्ट किया गया। सूबे में शराबबंदी के बाद शराब तस्कर सीमावर्ती प्रदेश से शराब का तस्करी कर रहे है। सिवान शीतलपुर मुख्य मार्ग के रास्ते शराब तस्कर उत्तरप्रदेश से शराब लेकर पूरे बिहार में पहुचते है इसी दौरान मशरख पुलिस द्वारा चेकिंग चलाकर शराब तस्करो को गिरफ्तार किया जाता है उसी दौरान जप्त किये शराब का विनिष्टिकरण किया गया।

# अपने महान विचारों के कारण ही भगत सिंह हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए : विधायक

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंकलाबी नौजवान सभा (इनौस) द्वारा बक्सर में 'साम्प्रदायिक-फासीवाद विरोधी मार्च' निकाला गया। मार्च कवलदह पोखरा से शुरू हुआ तथा अम्बेडकर चौक, ज्योति चौक, पीपी रोड़ होते हुए शहीद भगत सिंह स्मारक स्थल पर पहुंच कर सभा मे तब्दील हो गया। मार्च के दौरान डॉ. भीम राव अम्बेडकर, ज्योति प्रकाश और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मार्च की अध्यक्षता भाकपा माले के डुमराँव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने किया। शहीद स्मारक पर शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर डुमरांव विधायक डॉ० अजीत सिंह, भाकपा माले के जिला सचिव नवीन, नीरज कुमार, राजेश शर्मा, गनेश सिंह, अंकित सिद्धार्थ सहित तमाम उपस्थित नौजवानों ने माल्यार्पण किया। एक मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए डुमरांव विधायक ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 115वीं जयंती पर भी उनकी प्रासंगिकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आजादी के आंदोलन में थी और उनकी ही वजह से हैं, जो उनको भुनाने की सबसे ज्यादा कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सच ये भी है कि भगत सिंह के विचारों के सबसे ज्यादा खिलाफ भी वही लोग और संगठन हैं। आरएसएस और उसके अनुषांगिक संगठन जैसे कि एबीवीपी, विश्व हिंदू परिषद् और बजरंग दल समेत बीजेपी, पिछले कुछ सालों से भगत सिंह को फोटोशॉप द्वारा उनकी पगड़ी का रंग बदल कर अपने पोस्टरों पर इस्तेमाल कर रहे हैं। अब पीएम भी मन की बात में, भगत सिंह से प्रेरणा लेने की बात कर करते हैं लेकिन क्या सिर्फ किसी व्यक्ति की तस्वीर इस्तेमाल कर के, बिना उसके विचारों को अपनाए और उनको आत्मसात किए, आप किसी को नायक मान सकते हैं? दरअसल नहीं, क्योंकि भगत सिंह के नायकत्व का अहम हिस्सा, उनका फांसी पर झूल जाना ही नहीं है, बल्कि उनके विचार हैं। वह विचार ही थे, जिन के कारण वह फांसी पर हंसते हुए चढ़ गए। वरना भगत सिह या किसी आम अपराधी की फांसी में क्या अंतर होता। सभा को आइसा के जिला अध्यक्ष अनूप शर्मा, गनेश सिंह, अंकित सिद्धार्थ व अन्य नौजवानों ने संबोधित किया। मार्च में सुरेन्द्र प्रसाद, हरेन्द्र मौर्या, राजदेव सिंह, ओम प्रकाश, संतोष यादव, धर्मेन्द्र सिंह, नासीर हसन, सोनालाल, रास भोला सहित सैकड़ों नौजवानों ने हिस्सा लिया।




मार्च में शामिल इनौस कार्यकर्ता

### भाकपा माले ने मनाई शहीद भगत सिंह की 115 वीं जयंती

**मखदुमपुर (जहानाबाद)** । इंकलाबी नौजवान सभा मखदुमपुर और भाकपा माले के कार्यालय ने मखदुमपुर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 115 वीं जन्मदिन के मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा भगत सिंह के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और उनके विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया गया, कार्यक्रम में उपस्थित राज्य सह सचिव वेंकटेश शर्मा ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं बल्के वे एक विचारधारा है और यह विचारधारा तब तक कायम रहेगा जबतक मनुष्य द्वारा मनुष्य पर होने वाला शोषण खत्म नहीं हो जाएगा। कार्यक्रम में अनिल पासवान, आईसा नेता सन्नी भदानी,श्रवण शर्मा,अखिलेश दास,गोलू सहित कई लोग मौजूद थे

### राष्ट्र नायक भगत सिंह सदैव हमारे प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे

**जहानाबाद** । भाकपा माले जिला कार्यालय अवस्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर आज उनके 116 वां जन्म दिवस के अवसर पर इंकलाबी नौजवान सभा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में भाकपा माले जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा, इंकलाबी नौजवान सभा के जिला संयोजक वेंकटेश शर्मा, इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय पार्षद कामरेड मुकेश पासवान, इनौस नेता कामरेड योगेंद्र यादव कामरेड रामप्रवेश बिन्द, कामरेड सोनू सिंह, आइसा नेता सनी भदानी, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट के नेता कामरेड राम उदय कुमार समेत कई नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह को याद करते हुए कहां की उन्होंने गुलामी के खिलाफ संपूर्ण आजादी और क्रांति के लिए फांसी चढ़ गये।आज केंद्र की सत्ता में बैठी सरकार फिर से गुलामी थोप रही है। भगत सिंह सांप्रदायिकता और साम्राज्यवाद के खिलाफ आजादी, भाईचारा और समानता की लड़ाई में हमारे पथ प्रदर्शक और प्रेरणा स्रोत हमेशा ही बने रहेंगे।



### आधुनिक लोकतंत्र के लिए अधिक प्रसांगिक हैं भगत सिंह

बलिया । शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 116 जयंती अखिल भारतीय कबीर सेवा संस्थान के कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक वसी उल्लाह अंसारी ने बताया कि जयंती समारोह में जन अधिकार मंच और अखिल भारतीय ब्रह्म सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई है। जयंती समारोह में अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि सरदार भगत सिंह के इंकलाबी परिवर्तनकारी विचार आधुनिक लोकतंत्र के लिए अधिक प्रसांगिक हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर फतेहचंद बेचैन ने कहा कि भगत सिंह आज भी शिक्षक छात्र मजदूर तथा किसानों के बीच जिंदा है। इस अवसर पर भूराराम मोहित कुमार गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. विनोद पांडेय, वामिक कलाम, डॉ. रामकुमार नंदन यादव मधु ठाकुर मधु गुप्ता राधिका अमन वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए । संचालन डॉक्टर संतोष ने किया।

### युवक को गोली मार अपराधियों ने लूट ली बाइक, जांच में जुटी पुलिस

**सीवान।** जिले के गोरेयाकोठी थाना अंतर्गत आझा मठिया स्थित मुहफोरा के समीप बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी और बाइक की लूट को अंजाम दिया है। घटना के बाद बाइक सवार युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जख्मी बाइक सवार की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के ब्रह्म स्थान गांव निवासी रितेश कुमार के रूप में की गई। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक सवार रितेश कुमार अपने घर ब्रह्मस्थान से सीवान जा रहा था। इसी दौरान पीछे से ओवरटेक कर पहुंचे बाइक सवार बेखौफ अपराधियों ने युवक को घेर लिया और बाइक लूटने की कोशिश करने लगे। जिसका विरोध करने पर एक अपराधी ने हथियार निकालकर युवक पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिसमें एक गोली युवक के पैर में जा लगी। उसके बाद बाइक सवार युवक मौके पर लहूलुहान हो गया और अपराधियों ने उसकी बाइक उठाई और लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही गोरेयाकोठी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ा से तड़प रहे युवक को उठाकर आनन-फानन में सीवान सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। बताया जाता है कि गोली युवक का पैर में फंस गया है जिसके बाद सीवान सदर अस्पताल से चिकित्सकों ने पीड़ित को बेहतरीन इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है।

## शाबास...शरारती तत्वों पर नकेल कसने के साथ ही असहायों की मदद कर रही महिला ब्रिगेड

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में पुलिस की महिला ब्रिगेड टीम फुल एक्शन में है। शरारती तत्वों पर नकेल कसने के साथ टीम असहाय को मदद भी पहुंचा रही है। दशहरा के मौके पर टीम की सक्रियता देखते बन रही है। मंगलवार की शाम टीम की सदस्यों का दोनों रूप देखा गया। दरअसल पूर्वी रेलवे गुमटी के पास मंगलवार की शाम का समय मंदिर में पूजा करने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी थी। वहां महिला ब्रिगेड टीम की कुछ सदस्य ड्यूटी पर तैनात थी। तभी कुछ लड़के भीड़ में घुसने लगते हैं। इसे देख महिला ब्रिगेड की सदस्यों ने लड़कों को रोक दिया और पूछताछ शुरू कर दी। किसी ने कहा परीक्षा देकर लौट रहे हैं, तो किसी ने बाजार जाने की बात कही। तब बेवजह घूमने पर ब्रिगेड की सदस्यों ने क्लास भी लगाई गयी। सभी लड़कों के बैग की जांच भी की गयी। इससे लड़कों की शामत आ गयी। उसके बाद ब्रिगेड की सदस्यों की नजर बगल में जमीन पर बैठी एक अधेड़ महिला पर पड़ी। उसे देख टीम की सदस्यों ने उससे भी पूछताछ की। पूछा कि कोई परेशानी है? पूजा करने आती हैं या कोई और बात है। बाद में टीम बस स्टैंड पहुंचती है। वहां अकेली महिला को देख जानकारी लेती है। उसके बाद टीम पूरे पड़ाव कैंपस में घूम-घूमकर जायजा लेती है। उससे पहले टीम की सदस्य शहर की कई अन्य सड़कों पर लेडिज सिंघम की तरह घूमती दिखती है। उस दौरान बुजुर्ग, महिलाओं व बच्चों से समस्या पूछती, तो सड़क पर घूम रहे लड़कों को हड़काती भी नजर आ रही है।



## 20 साल पुराने मामले में रोहतास एसपी व सासाराम टाउन थानाध्यक्ष को शो कॉज

### आज देना है जवाब, एक साल बाद भी कुर्की नही होने से कोर्ट नाराज




**केटी न्यूज/सासाराम**

सासराम व्यवहार न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए रोहतास एसपी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, सासाराम नगर थानाध्यक्ष को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया। बीस साल पुराने लूट एवं हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे प्रथम मनोज कुमार की अदालत ने अभियुक्त की अनुपस्थिति एवं कोर्ट के आदेश के बावजूद संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को देखते हुए एसपी रोहतास एवं सासाराम नगर थानाधयक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मामला सासाराम नगर थाना कांड संख्या 84/2002 से जुड़ा है जिसका ट्रायल सत्र वाद संख्या 607/2006 में चल रहा है।

मामले में अभियुक्त अशोक पासवान की उपस्थिति हेतु पिछले कई सालों से लंबित है। इस मामले में कोर्ट ने अभियुक्त की उपस्थिति को लेकर कुर्की जब्ती का आदेश पिछले 10 जून 2021 को हीं निर्गत किया थाए जिसका तामिला रिपोर्ट आजतक संबंधित थानाध्यक्ष ने कोर्ट में दाखिल नहीं किया है। वरीय पदाधिकारियों को भी इस बाबत कोर्ट ने आदेश जारी किया था।

## एक नजर

### खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर ईओ के किराए के मकान से जेवर व नगदी की चोरी

**आरा।** पूजा का माहौल शुरू होते ही चोरों की सक्रिया बढ़ गई है। एक बार फिर शहर में चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। इस बार पीएचईडी के कार्यपालक के किराए के मकान को निशाना बनाया गया है। खिड़की का ग्रिल उखाड़ घर में घुसे चोर जेवर और नगदी ले भागे। कुछ महत्वपूर्ण कागजात भी गायब है। चोरी की यह घटना नवादा थाना क्षेत्र के मदन जी के हाता में सोमवार की रात की है। इसे लेकर अभियंता कुमार अरुप द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। अभियंता की पत्नी शालिनी प्रिया भी पूर्व में आरा की बीडीओ रह चुकी हैं। जिस मकान में चोरी की वारदात हुई है, उसके ग्राउंड फ्लोर पर एक रिटायर एडीजे भी रहते हैं। अभियंता कुमार अरुप परिवार के साथ मदन जी के हाता निवासी रवि सहाय के मकान के फर्स्ट फ्लोर पर रहते हैं। अभियंता के अनुसार वह रविवार को अपने काम से पटना गये थे। ऐसे में उनका घर खाली था। तभी चोरों ने उनके घर पर हाथ साफ कर लिया। मंगलवार को नवादा थाने की ओर से उनके ससुर के मोबाइल पर कॉल कर घर में चोरी होने की सूचना दी गयी। इस पर वह आरा पहुंचे, तो देखा कि खिड़की खुली है। ग्रिल उखाड़ कर छज्जा पर रखा हुआ था। अलमीरा का ताला टूटा था और घर का सारा सामान बिखरा था। घर की तलाशी लेने पर सोने की एक चेन, दो टॉप, डायमंड का एक छोटा टॉप और 48 हजार रुपए गायब थे। कुछ महत्वपूर्ण कागज भी गायब मिले। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और चोरों की पहचान में जुटी है। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### यूपी से लाई जा रही थी शराब की खेप के साथ चार गिरफ्तार

**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना अंतर्गत चंदवा के पास पुलिस द्वारा यूपी से आ रही शराब की खेप के साथ चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। शराब की खेप दिल्ली नंबर कार से लायी जा रही थी। पकड़े गये धंधेबाजों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मसाढ़ गांव निवासी गोविंद कुमार, मुफस्सिल थाने के धमार गांव निवासी राजकुमार, अफरोज आलम और नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड निवासी सन्नी कुमार शामिल हैं। कार से 960 पीस एटपीएम अंग्रेजी शराब और पांच मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुये चारों धंधेबाजों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात पुलिस को यूपी से उजले रंग की कार से चंदवा के रास्ते शराब की खेप लाये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह और डीआईयू के दारोगा अवधेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस चंदवा पहुंची। तभी उजले रंग की कार आती दिखी। कार रोक तलाशी शुरू की गयी, तो बीस बॉक्स शराब बरामद की गयी। उसके बाद चारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## करंट की चपेट में आने से नाबालिग की मौत, ग्रामीणों ने जाम की सड़क

**केटी न्यूज/सीवान**

जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के चोरमा गांव में मंगलवार की देर रात सड़क पर टूट कर गिरे धारा प्रवाहित विद्युत तार के संपर्क में आ जाने से एक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ खासा आक्रोश देखा जा रहा है। बताते चले कि घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर बवाल काटा और यातायात को घंटों बाधित कर दिया। सड़क जाम कर बवाल काट रहे लोगों ने विद्युत विभाग से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। वहीं घटना में मृतक की पहचान लालजी साहनी का 13 वर्षीय पुत्र राजा साहनी के रूप में हुई है। घटना मंगलवार की देर रात्रि की है। बताया जाता है कि नाबालिग साइकिल से बाजार से लौट रहा था। इतने में पहले से सड़क पर टूट कर गिरे धारा प्रवाहित सर्विस तार के संपर्क में आ गया। जिसके बाद वह तार के संपर्क में आते ही गंभीर रूप से झुलस गया।

## खाद नहीं मिलने पर किसानों ने गोदाम में जमकर काटा बवाल, विधायक के पहुंचने पर शांत हुआ मामला

**केटी न्यूज/अरवल**

जिले के सदर प्रखंड स्थित इफको गोदाम में बुधवार को किसानों ने जमकर बवाल काटा। मामला किसानों को खाद वितरण को लेकर था। जिसमें पिछले एक दो दिनों से उन्हें खाद नहीं मिल रहा था। जिसके कारण उनका आक्रोश फूट पड़ा। मामला इतना तूल पकड़ने के लगा कि किसानों के हंगामे की सूचना जिलास्तरीय अधिकारी, पुलिस के साथ विधायक महानंद सिंह तक पहुंच गया। जिसके बाद विधायक आननफानन में इफको गोदाम पहुंचे। मामले को शांत कराने के लिए विधायक ने गोदाम के कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई। लेकिन, किसानों का विरोध जारी रहा। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। काफी मशक्कत के बाद विधायक किसानों को शांत कराने में सफल रहें। जिसके बाद उन्होंने किसानों को आश्वस्त कराया कि उनको खाद व डीएपी समय पर दी जाएगी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इफको गोदाम में फर्नीचर का काम चल रहा था। जिसके कारण कर्मचारियों ने खाद वितरण करने से इन्ककार कर दिया था। लेकिन, किसान खाद के लिए जुटने लगे थे। जिससे गोदाम पर लंबी कतार लग गई थी। जिसके बाद किसानों का गुस्सा फूट पड़ा था। दूसरी ओर, विधायक महानंद सिंह ने कहा कि गोदाम पर तैनात कर्मचारियों के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर आए दिन उनके पास शिकायत आती रहती है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत कृषि मंत्री से करेंगे। साथ ही, गोदाम के कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग भी करेंगे।

# सावधान...99% मामलों में कुत्ते के काटने से होता है रैबीज

**केटी न्यूज/अरवल**



श्वानों को टीका लगाते चिकित्सक

- विश्व रैबीज दिवस के अवसर पर श्वानों को लगाए गए रैबीज के टीके
- चिकित्सकों ने रैबीज से बचने व इलाज के लिए लोगों को किया जागरूक

विश्व रैबीज दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सालय, अरवल में निःशुल्क रैबीज रोधी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल सौ श्वानों को रैबीज के टीके लगाए गए। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार एवं सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ शर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान तीन पशु चिकित्सकों की टीम लगाई गई। जिसमें डॉ. भारती सिंह, डॉ. आशुतोष कुमार एवं डॉ.शैलेश कुमार शामिल थे। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. उपेन्द्र कुमार ने बताया कि रैबीज एक विषाणु जनित रोग है। यह जानवरों से मनुष्यों में फैलता है तथा मनुष्यों के लगभग 99 प्रतिशत मामलों में कारण कुत्ते का काटना होता है। मनुष्य के शरीर में रैबीज का वायरस, रैबीज से पीड़ित जानवर के काटने, उससे होने वाले घाव और खरोंच एवं लार से प्रवेश करता है। सामान्यतः कुत्ते के काटने के बाद रैबीज के लक्षण एक से तीन महीने में दिखाई देते हैं, किन्तु यह निश्चित अवधि नहीं मानी जा सकती है।

जैसा कि हम सभी जानते है ओर हमारी जिम्मेदारी यहां बढ़ जाती है। बच्चे (मुखयतः5 से 15 वर्ष के ) अपने चंचल स्वभाव के कारण कुत्ते के काटने और रैबीज के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं। क्योंकि वे प्रायः कुत्ते के काटने और रोग के बारे में जागरूकता के बिना कुत्तों के साथ खेलते हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि बच्चे डांट के डर से बचने के लिए अपने माता-पिता से कुत्ते के काटने के बारे में छुपाते हैं। कभी-कभी बच्चा कुत्तों के हमला किए जाने पर काटने/खरोंच से अवगत नहीं होता है तथा माता-पिता अक्सर हमले को अनदेखा करते हैं अथवा गर्म मिर्च या हल्दी जैसे घरेलू उत्पादों लगाकर घाव का उपचार करते हैं।

रेबीज की रोकथाम कुछ विशेष प्रयास

भारत सरकार के रेबीज नियंत्रण एवं बचाव कार्यक्रम के अनुसार लोगो को निम्नलिखित तथ्यों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए-

- ☐ कुत्ते के काटने से बचने के लिए लोगों विशेषकर बच्चों को कुत्ते के व्यवहार और उसकी शारीरिक भाषा (जैसे कि क्रोध, संदिग्धता, मित्रता) के बारे में शिक्षित करें।
- ☐ रेबीज की रोकथाम के लिए कुत्ते के काटने पर पोस्ट एक्सपोजर टीकाकरण (काटने के बाद टीकाकरण) लें।
- ☐ यदि कुत्ता काटता है तो साबुन और पानी से दस मिनट तक धोएं। स्वास्थ्य केंद्र जाएं। काटने के उपचार के लिए (घाव की देखभाल + प्रोफिलैक्सिस काटने के बाद) टीकाकरण लें।
- ☐ नजदीकी पशु चिकित्सालय के सहयोग से समय पर कुत्तों का टीकाकरण कराएं।
- ☐ उच्च जोखिम वाले समूह प्री एक्सपोजर टीकाकरण लेने का प्रयास करें।

**हमें निम्नलिखित चीजें नहीं करनी चाहिए**

- ☐ हाथ से घाव को नहीं छूना चाहिए
- ☐ कटे घाव पर मिट्टी, मिर्च, तेल, जड़ी-बूटियां, चाक, पान की पत्तियों जैसे उत्तेजक पदार्थ नहीं लगाना चाहिए

### चार दिन बाद मिला लापता युवक का शव

**सीवान।** जिले के पचरुखी थाना क्षेत्र हरदिया रेलवे लाइन के पास बुधवार की सुबह करीब 10 बजे 4 दिनों से लापता एक युवक का शव बरामद होने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के परिजन हत्या करने के बाद शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। वहीं घटना में मृतक की पहचान पचरुखी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला चाप गांव निवासी राजबली राम का 27 वर्षीय पुत्र सुरेश राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुरेश राम गांव पर ही रहकर मजदूरी का काम करता था। युवक के लापता हुए 4 दिन गुजर जाने के बाद आज बुधवार की सुबह पचरुखी थाना क्षेत्र के हरदिया रेलवे लाइन के समीप झाड़ी में नग्न अवस्था में शव मिलने की सूचना के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया है।

## शहर छोटी खबरें

### जिला युवा उत्सव कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में

**डुमरांव।** नेहरू युवा केन्द्र बक्सर द्वारा आयोजित 'जिला उत्सव कार्यक्रम' में बक्सर जिले के विभिन्न प्रखंडों से युवा एवं युवतियां भाग ले रही है। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। डुमरांव प्रखंड में स्थित स्थानीय बिस्मिल्लाह खां संगीत एकेडमी डुमरांव के सभागार में भी छात्र एवं छात्राओं की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है। डुमरांव प्रखंड के पूर्व एनवाईसी डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला युवा उत्सव कार्यक्रम बक्सर में नईबाजार स्थित सेवाधाम में हो रहा है। जिसमें पूरे जिले से प्रतिभागी शरीक हो रहे हैं। कार्यक्रम में फोटोग्राफी, काव्यपाठ, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में संगीत शिक्षक पवन ओझा एवं डॉ. कुमारी सुमन के साथ साथ आरती कुमारी, कृषिका सिंह, खुशी कुमारी, विकेश कुमार, सन्नी कुमार, पूजा उपाध्याय तथा आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में 4 दिन बाद हुई प्राथमिकी, आरोपी फरार

**बक्सर।** बक्सर में रेलवे स्टेशन के पास 25 सितंबर की रात एक महिला से तीन लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। बदहवाशी की हालात में महिला को कुछ युवकों ने सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया था। सदर अस्पताल के डाक्टरों ने इसकी जानकारी रेलव व नगर थाने की पुलिस को दी थी। हालांकि सीमा विवाद में उलझी पुलिस इस मामले को दर्ज करने कर आरोपियों को पकड़ने की बजाय लीपापोती में जुट गई थी। लेकिन मीडिया में इस घटना के सुर्खियों में आने तथा सियासत गरमाने में बाद आखिरकार चौथे दिन बक्सर नगर थाने में सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुट गई है। हालांकि इस मामले में कई तथ्य सामने आ रहे है। दिलचस्प यह है कि वर्ष 2019 में भी इसी महिला के साथ बक्सर के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म हुआ था।

# मां भगवती मंदिर... शाहाबाद का इकलौता ऐसा मंदिर, जहां नवरात्र में नहीं रखे जाते कलश

- तांत्रिक मंदिर है दक्षिणेश्वरी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी भगवती मंदिर
- सिद्धि प्राप्त करने के लिए दूर दूर से आते है साधक
- 400 वर्ष पहले हुई थी इस मंदिर की स्थापना



मां भगवती की मूर्ती

सिटी रिपोर्टर/डुमरांव

नवरात्र में देवी मंदिरों में कलश स्थापित कर शक्ति की देवी की पूजा की जाती है। सभी मंदिरों में नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापित कर ही पूजा शुरू की जाती है। लेकिन, लहुरी काशी के रूप में विख्यात डुमरांव में एक ऐसा मंदिर भी है, जहां नवरात्र में न तो कलश स्थापित होता है और न ही सप्तशती का पाठ। बल्कि साधक यहां अपनी साधना पूरी करने आते हैं। मंदिर का प्रताप ऐसा कि साधकों की हर मनोकामना पूरी होती है। हम बात कर रहे है नगर के लालाटोली रोड स्थित महामाया महाविद्या दक्षिणेश्वरी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर का। बिहार के पहले व शाहाबाद के इकलौते इस तांत्रिक मंदिर में दूर दूर से साधक अपनी साधाना पूरी करने आते है। मान्यता है कि यहा साधकों की हर सिद्धि पूरी होती है। नवरात्र में यहा बगलामुखी का पाठ के साथ ही मंत्रों का जाप किया जाता है तथा प्रसाद में सिर्फ सूखा मेवा चढ़ाया जाता है। मंदिर के पुजारी किरण मिश्र ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना उनके पूर्वज स्व. भवानी मिश्र ने करीब तीन सौ साल पहले किया था। बाद में यहां स्थापित मां के चरणों के नीचे से मिट्टी ले जाकर गया व मुजफ्फरपुर में त्रिपुर सुंदरी मंदिर की स्थापना की गई।

**मंदिर में स्थापित है दस महाविद्या व पंच भैरव की मूर्तियां :** इस मंदिर में प्रधान देवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ ही महाकाली, तारा, षोडसी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धुमावती, बगलामुखी, मातंगिनी व कमला ये दस महाविद्याएं तथा पंच भैरव- दत्तात्रेय भैरव, बटुक भैरव, अन्नपूर्णा भैरव, काल भैरव व मातंगी भैरव की मूर्तियां स्थापित है। कहा जाता है कि यह पहला ऐसा मंदिर है जहा एक साथ दस महाविद्या व पंच भैरव स्थापित है। बनारस में भी पंच भैरव का मंदिर नहीं है। यही कारण है कि यह मंदिर साधकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**नि:स्तब्ध निशा में मूर्तियों से आती है आवाज :** मान्यता है कि इस मंदिर में स्थापित मूर्तियां तुरीय संध्या ( मध्य रात्रि ) में आपस में बातें करती है। मानों मूर्तियां आपस में बात कर रही है। मध्य रात्रि में मंदिर के पास से गुजर रहे लोग अचानक मंदिर के अंदर से आवाज सुन एक पल के लिए ठिठक जाते है और फिर तेज कदमों से आगे निकल जाते है। मंदिर के पुजारी किरण मिश्र ने भी इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में राज राजेश्वरी माता अपनी पूरी शक्ति के साथ स्थापित है। यही कारण है यहा सच्चें मन से साधना करने वालों की साधना पूरी होती है।

**लगभग 400 वर्ष पहले हुआ था मंदिर की स्थापना :** प्रसिद्ध तांत्रिक भवानी मिश्र द्वारा लगभग 400 वर्ष पहले इस मंदिर की स्थापना की हुई थी। तब से आज तक इस मंदिर में उन्हीं के परिवार के सदस्य पुजारी की भूमिका निभाते है। मंदिर के पुजारी किरण शंकर प्रकाश ने बताया कि पूर्णतः तांत्रिक इस मंदिर में कलश स्थापना का विधान नहीं है। बल्कि तंत्र साधना से ही यहा माता की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। तांत्रिक कारणों से ही यहा कलश स्थापित नहीं होता है। भक्त यहा सप्तशती का पाठ कर मन्नते मांगते है। बताया जाता है कि इस मंदिर में सुखे मेवे का प्रसाद ही चढ़ाया जाता है।

# सख्ती : बिना हेलमेट वाले बाइक सवारों से पुलिस ने वसूला 70 हजार का जुमार्ना

## त्योहार में बिना हेलमेट के घर से बाहर निकलना पड़ सकता है महंगा

- अब एक बाइक पर सवार दो लोगों के बैठने पर दोनों को हेल्मेट पहनना जरूरी, बाइक चालकों में हड़कंप
- जिला मुख्यालय में शुरू हुआ हेलमेट चेकिंग अभियान, चौक-चौराहों पर लगी वाहनों की कतार

केटी न्यूज/बक्सर





चेकिंग के दौरान वाहनों की लगी लंबी कतार

जिले के बाइक सवारों और मनचलों के लिए बुरी खबर है। यदि अब बाइक चालक बिना हेलमेट के घर से बाहर निकल रहे हैं, तो उनको अपनी जेब टाइट करके निकलना होगा। क्योंकि, अब जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पर्व त्यौहारों को देखते हुए सड़कों पर मनचलों के ऊपर नकेल कसने के लिए चौक-चौराहों पर पुलिस अब वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट चेकिंग शुरू कर दी है। जिसमें राज्य परिवहन विभाग के द्वारा पूर्व में जारी निर्देश के तहत बाइक पर सवार दो लोगों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर सख्ती बढ़ाई जा रही है। इसके लिए ट्रैफिक विभाग और बक्सर पुलिस ने पिछले दो दिनों से सघन चेकिंग अभियान चलाया है। जिसमें अकेले जिला मुख्यालय में 70 हजार रुपये जुमार्ना वसूला है। वहीं, जानकारी के अनुसार आगामी दिनों में इसे और भी सख्ती से संचालित किया जाएगा। ताकि, लोगों में यातायात के नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ सके।

**बाइक पर बैठे दो लोगों को पहनना होगा हेलमेट :** इस संबंध में ट्रैफिक इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि परिवहन विभाग ने पूर्व में ही एक बाइक पर सवार दो लोगों को हेलमेट अनिवार्य कर दिया है।

उसके बावजूद भी लोगों में ट्रैफिक नियमों का पालन करने में उदासीनता बरत रहे हैं। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में बाइकर्स की मौत की सूचनाएं मिलती हैं। जिस पर अब कमी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान जिला मुख्यालय में बाइक पर सवार दो लोगों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जा रहा है। एसपी नीरज कुमार सिंह ने भी इस बात पर अपनी स्वीकृति दी है। हालांकि, अभी केवल जिला मुख्यालय में यह अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन, इसके बाद जिले के सभी प्रखंडों और चौक-चौराहों पर हेलमेट को लेकर सघन अभियान चलाया जाएगा। ताकि, सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। चेकिंग अभियान और ट्रैफिक नियमों के ऊपर टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पर्व के दौरान हेलमेट चेकिंग के साथ लहरिया कट चलाने वाले बाइकर्स पर भी पुलिस की नजर रहेगी।



नीरज कुमार सिंह, एसपी, बक्सर

परिवहन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के आधे से अधिक जिलों में हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन (मोटरसाइकिल, स्कूटर, स्कूटी) चालकों की संख्या में कमी आ गई है। पटना में पहले 98 प्रतिशत लोग हेलमेट पहना करते थे, जो अब घटकर 87 प्रतिशत तक रह गया है। वहीं, आंकड़ों पर गौर किया जाए, तो बक्सर में मात्र 40 प्रतिशत चालक ही हेलमेट पहना करते थे। लेकिन, चेकिंग अभियान की बदौलत यह संख्या बढ़कर लगभग 76 प्रतिशत हो गई है। लेकिन, यह आंकड़ा केवल बाइक चालक के हेलमेट पहनने का है। यदि बाइक पर दो लोगों के हेलमेट पहनने की बात की जाए, तो यह आंकड़ा न के बराबर है। हालांकि, शहर में हेलमेट चेकिंग अभियान शुरू हो गया है। जैसा की पूर्व में सूचना दी गई थी। साथ ही, शहर में वन वे ट्रैफिक सिस्टम के साथ दोनों सवारी को हेलमेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। पर्व के बाद इसमें सख्ती बढ़ा दी जाएगी।

## एंटी रैबीज डे पर बक्सर व डुमरांव में कुत्तों को लगाया गया एंटी रैबीज वैक्सिन

केटी न्यूज/डुमरांव



बुधवार को विश्व एंटी रैबिज दिवस मनाया गया। इस दौरान बक्सर व डुमरांव में कुल 140 कुत्तों को एंटी रैबिज वैक्सिन लगाया गया। वैक्सिनेशन बक्सर व डुमरांव के जंपी पेट शॉप पर लगाया गया। वैक्सिनेशन पशु चिकित्सक डा सुभद्रा कुमारी व डा आशीष कुमार के नेतृत्व में लगाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डा आशीष ने बताया कि बक्सर में 65 तथा डुमरांव में 75 कुत्तों को यह वैक्सिन लगाय गया है। उन्होंने कहा कि इस वैक्सिन के लगने के बाद कुत्तों में रैबिज नहीं रह जाता है। गौरतलब है कि रैबिज एक लाइलाज व जानलेवा बीमारी है जो कुत्तों के साथ ही बंदर, खरगोश आदि जानवरों के काटने से फैलता है। उन्होंने बताया कि समाज को रैबिज मुक्त करने के लिए ही एंटी रैबिज दिवस मना कुत्तों को एंटी रैबिज टीका लगाया जा रहा है। पूरे दिन चले इस अभियान में बक्सर तथा डुमरांव के जंपी पेट शॉप पर कुत्ता पालने वालों की लाइन लगी रही। लोग अपने-अपने पालतू कुत्तों को यह टीका लगवा रहे थे। जबकि कई स्ट्रीट डाग को भी पकड़ वैक्सिन लगाया गया।

## नुआंव पंचायत में कचरा प्रबंधन के लिए अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का ले-आउट हुआ तैयार

केटी न्यूज/बक्सर

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (द्वितीय चरण) अंतर्गत बक्सर जिला में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत 28 सितम्बर 2022 को निम्नलिखित पंचायतों में जन-जागरूकता संबंधित गतिविधियों का संचालन किया गया। डुमरांव प्रखण्ड के नुआंव पंचायत में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का ले-आउट किया गया। उतरी नैनीजोर पंचायत ब्रहम्पुर प्रखण्ड-स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत उतरी नैनीजोर पंचायत में प्रखण्ड ब्रहम्पुर में पेयजल श्रोत (चापाकल, कुआं, तालाब) आदि के आस पास साफ-सफाई का कार्य किया गया। योगिया पंचायत ब्रहम्पुर प्रखण्ड-स्वच्छता ही सेवा अभियान तहत वार्ड सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों के श्रमदान के मदद से पुराने कचरे का ढेर का साफ-सफाई किया गया। डुमरी पंचायत प्रखण्ड सिमरी-स्वच्छता ही सेवा अभियान तहत संबंधित स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में साफ-सफाई का अभियान चलाया गया।

## एक नजर

### नया भोजपुर के पंचायत भवन में खुला चकबंदी कार्यालय, एसडीएम ने किया उद्घाटन



चकबंदी कार्यालय का उद्घाटन करते एसडीओ

**डुमरांव।** चकबंदी कार्यालय अब नए भवन में शिफ्ट हो गया है। बुधवार को एसडीओ पंकज कुमार सिंह ने नया भोजपुर के पंचायत सरकार भवन में अनुमंडल स्तरीय चकबंदी कार्यालय का उद्घाटन किया। अब पूरे अनुमंडल का चकबंदी संबंधित कार्य इसी जगह से होगा। इसके पहले चकबंदी कार्यालय डुमराव में चल रहा था। लेकिन, इसका भवन काफी जर्जर हो गया था। जिस कारण कर्मियों को हमेशा खतरा बना रहता था तथा वहां रखे रिकॉर्ड भी सड़ गल रहे थे। अब नया भवन में कार्यालय शिफ्ट होने के बाद कर्मियों को बड़ी राहत मिली है। वहीं, प्रखंड कार्यालय स्थित प्रतिनिधि भवन में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है।

### शराब के नशे में धुत युवक ने की 12 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी, लॉकेट भी छीना

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में शराबी युवक द्वारा एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने तथा विरोध करने पर मारपीट कर उसके गले से सोने का लाकेट छिनने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार देर शाम की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम उक्त किशोरी अपने घर से पानी लाने सार्वजनिक नल पर गई थी। उधर से लौटने के दौरान वह जैसे ही गली में आई कि शराब के नशे में धूत आरोपी उससे छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो वह उसके साथ मारपीट कर उसके गले से सोने का एक लाकेट भी छिन लिया। इस दौरान पीड़िता के शोरगुल पर जब मोहल्लेवासी उधर दौड़े तो आरोपी वहा से भाग गया। इसके बाद रोते विलखते पीड़िता अपने घर आई तथा परिजनों को सारी बातें बताई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने रात में ही आरोपी विक्की राय पिता स्व राजकुमार राय को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। जबकि दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि आरोपी को पकड़ लिया गया है।

### डुमरांव स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर के सामने जलजमाव व कीचड़ से श्रद्धालुओं में गहराया आक्रोश

**डुमरांव।** डुमरांव के रेलवे स्टेशन के पास स्थित चर्चित पंच मंदिर के सामने सड़क पर एक बड़ा गड्ढ़ा बन गया है। जिसमें महीनों से जलजमाव तथा कीचड़ होने से श्रद्धालुओं को मंदिर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पंच मंदिर में मां दुर्गा के साथ ही भगवान शंकर, हनुमान जी, राधे कृष्ण तथा राम दरबार की मूर्तियां स्थापित है। नवरात्र में इस मंदिर में शाम की आरती में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला तथा पुरूष शामिल होते है। जिन्हें मंदिर के मुख्य गेट के बाहर हुए जलजमाव से परेशान होना पड़ रहा है। घर से नहा धोकर मंदिर में दर्शन व पूजन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को कीचड़ व गंदा पानी को पार करना मजबूरी बना हुआ है। जिस कारण श्रद्धालुओं में नगर परिषद प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश है। मंदिर समिति से जुड़े मनोज दूबे, मंटू सिंह, दीपू सिंह, बब्लू पांडेय, रमेश ठाकुर आदि ने बताया कि इस समस्या को कई बार नगर परिषद प्रशासन के समक्ष उठाया गया है। लेकिन नप प्रशासन उदासीन बना हुआ है। गौरतलब है कि मंदिर के साथ ही रेलवे स्टेशन जाने का यह मुख्य मार्ग है। गड्ढें व जलजमाव के कारण श्रद्धालुओं के साथ ही स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों तथा वाहन चालकों को भी खतरा मोल लेना पड़ रहा है। इस गड्ढें में असंतुलित हो कई वाहन चालक तथा यात्री जख्मी भी हो चुके है। गड्ढ़ा तथा उसमें हुआ जलजमाव भव्य मंदिर के सुंदरता पर बट्टा भी लगा रहा है।

### भ्रष्टाचार के मामले में डीएम ने साबित रोहतासवी को किया बर्खास्त

**बक्सर।** पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत इबनुल हुसैन उर्फ साबित रोहतासवी को पंचायती राज विभाग की सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी अमन समीर ने 24 सितंबर को उनकी बर्खास्तगी का आदेश जारी किया था। साबित रोहतासवी के विरुद्ध सदर प्रखंड के खुटहा पंचायत में बतौर पंचायत सचिव रहते हुए योजनाओं में गबन का आरोप था। हालांकि, मामले में तत्कालीन मुखिया धर्मेंद्र सिंह भी उसके आरोपी थे। उन्हें भी पदच्युत करने का आदेश निर्गत किया गया था। मामला तब प्रकाश में आया था जब जिले के कद्दावर सामाजिक कार्यकर्ता स्व. मिथिलेश सिंह ने सूचना के अधिकार के तहत इसकी कलई खोली। तब के तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश पर जांच हुई थी। जिसमें मुखिया, पंचायत सचिव समेत कई लोगों के खिलाफ औद्योगिक थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्रवाई साबित के खिलाफ चल रही थी। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो अब रोहतासवी को पेंशन, भविष्य निधि योजना की राशि आदि देय नहीं होगी।

# गौशाला रोड में बन रहा भूल-भुलैया गुफा पंडाल माता रानी का अलौकिक रूप देख धन्य होंगे श्रद्धालु

केटी न्यूज/ डुमरांव (बक्सर)



स्थापित मां की प्रतिमा फाइल फोटो

शारदीय नवरात्र की शुरुआत 26 सितंबर से हो गई है। शहर में दुर्गापूजा को लेकर जगह-जगह पूजा पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। इन आकर्षक पंडालों में विराजीं मां दुर्गा अपने भक्तों को दर्शन देकर उन्हें निहाल करेंगी।

शहर के गौशाला रोड में इस बार श्रद्धालु भूल-भुलैया गुफा पंडाल में मां का दर्शन करेंगे। श्री दुर्गोत्सव पूजा समिति द्वारा सिल्वर भूल-भुलैया गुफा पंडाल का निर्माण शुरू कराया गया है, जहां मां दुर्गे अवतरित होकर महिषासुर का वध करती देखी जायेंगी। इसके साथ ही श्रद्धालु इस भूल-भुलैया पंडाल में मां महालक्ष्मी, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती के अलावे महादेव के साथ मां काली का भी दर्शन करेंगे। प्रतिमा और पंडाल को भव्य रूप देने के लिए बंगाल के कारीगर दिन-रात जुटे है। समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि इस बार करीब चार लाख रुपये के खर्च का अनुमान है। इस प्रतिमा व पंडाल को आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल के कारीगरों का विशेष योगदान है। मां दुर्गे के साथ महालक्ष्मी, महासरस्वती, कार्तिकेय का भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे। समिति के उपाध्यक्ष प्रियांशु कुमार, पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर कुमार, सचिव इंद्रजीत कुमार, छोटे कुमार, सुमंत कुमार, सुनील कुमार आदि ने बताया कि आदि ने बताया कि यहां कई वर्षों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। नवरात्र के सप्तमी के दिन पट खुलने के दौरान भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। यह सिलसिला अष्टमी और नवमी को रहता है। आरती के दौरान ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चारण की धुन बनी रहती है। इस मौके पर सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालु उमड़ते है। समिति के सदस्यों द्वारा आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी जायेगी। श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। मां के दर्शन के लिए महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग रास्ते बनाये गये हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल के साथ कमिटी के सदस्य भी मुश्तैद रहेंगे।

## अरक पश्चिम टोला चौक पर सबरीमाला मंदिर में विराजेंगी मां भगवती

**चक्की (बक्सर)।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर प्राय प्रत्येक पूजा समितियों के बीच आकर्षक पंडाल बनाने की होड़ मची है। इस कड़ी में चक्की प्रखंड के अरक पश्चिम टोला गांव स्थित बजरंगबली मंदिर पर नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल की आकृति केरल के सबरीमाला मंदिर जैसा दिया जा रहा है। इसके लिए बंगाल के मशहूर कारीगरों को बुलाया गया है। आयोजकों के अनुसार पंडाल की ऊंचाई तकरीबन अस्सी फीट होगी। इसमें स्थापित मां भगवती के सारे स्वरूप क्षेत्रीय लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। समिति की स्थापना नवयुवक संघ की तरफ से किया जा रहा है तब से लेकर आज तक स्थानीय लोगों के सहयोग से यह समिति पूजा महोत्सव में सक्रिय भूमिका अदा करती है। इस बार चार लाख रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि पंडाल चार सौ फीट लकड़ी का बीट सात सौ मीटर कपड़ा एवं एक हजार पीस धर्म कोल लगने की संभावना है।

बंगाल से आए कारीगर : पंडाल निर्माण के लिए बंगाल के मशहूर कारीगरों को जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। पंडाल में 18 प्रतिमाएं होगी स्थापित पूजा पंडाल में इस बार मां भगवती के नवो स्वरूपों के साथ साथ हनुमान गणेश कार्तिकेय सहित कुल अठठारह प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा।

## शहर छोटी खबरें

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल




**गाजीपुर।** मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना नोनहरा थाना क्षेत्र के बड़ौदा चट्टी के पास हुई। जब बाइक सवार और कार की आमने सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। दो अन्य घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, सभी का इलाज जारी है। इसमें रवि कुमार बिंद (35 वर्ष) निवासी नसीरपुर और ईश्वर बिंद (25 वर्ष) निवासी बावरी दोनों मित्र थे और इलाहाबाद स्टेशन पर चना बेचते थे। एक हफ्ता पहले दोनों अपने घर आए हुए थे और मंगलवार की शाम रवि बिंद की ससुराल कैथवलिया जा रहे थे। कटवा मोड़ की तरफ से कासिमाबाद जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद कार भी एक खाई में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया लेकिन उसमें सवार सभी फरार हो गए। घायलों में शामिल राहगीरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दुर्गा पूजा को लेकर डीआईजी ने की बैठक

**बलिया।** पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) आजमगढ़ अखिलेश कुमार ने बलिया के पुलिस लाइन के सभागार में मातहतों संग बैठक किया। उन्होंने नवरात्र व दुर्गा पूजा पर चौबिस घंटे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। कहा कि बीट के सिपाही सक्रिय रहे ताकि हर छोटी-बड़ी घटनाओं की तत्काल जानकारी पुलिस तक पहुंच सके। डीआईजी ने शांति-व्यवस्था कायम रखने के साथ ही अपराधियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि पूजा समितियों से समन्वय स्थापित कर होने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा इंतजाम तथा संवेदनशील जगहों की निगरानी करतें रहे। इस मौके पर एसपी राजकरन नय्यर, एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ ही सभी क्षेत्राधिकारी, कोतवाल व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

### तलाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**गाजीपुर।** मंगलवार की देर शाम मरदह थाना के मुस्तफाबाद बस्तपुर गांव में एक युवक पोखरे में डूब गया। तालाब गहरा होने के कारण रात में तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद सुबह तलाश शुरू हुई। ग्रामीणों की मशक्कत के बाद शव तालाब से बरामद हो सका। ग्रामीणों के अनुसार दवेंद्र राम उर्फ मिठाई पुत्र शिवलोचन राम (36) की गांव के पोखरे के किनारे बैठा था और पैर फिसलने से डूब गया। देर रात्रि तक काफी खोजबीन के बाद भी नही मिला लेकिन सुबह पुनः ग्रामीणों के प्रयास पर शव पोखरे से निकाला गया। ग्रामीणों द्वारा मृतक परिवार को जमीन पट्टा देने एवं आर्थिक सहायता देने की मांग शुरू कर दी।

# मुट्ठीभर चावल के बदले श्रीकृष्ण ने सुदामा को दी दो लोक की संपत्ति

- दशरथ मरण व चित्रकूट में श्रीराम भरत मिलन सहित 'सुदामा चरित्र भाग 2 का हुआ मंचन
- 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के 11वें दिन भावाविभोर हुए श्रोतागण





**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान बुधवार को 11वां दिन रहा। जिसमें श्रीधाम वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान "सुदामा चरित्र भाग-2"' प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि गुरु संदीपन के यहां श्री कृष्ण और सुदामा का विद्या अध्ययन पूर्ण होने पर वह अपने नगर को लौट कर आते हैं। समयानुसार सुदामा जी की वसुंधरा नामक स्त्री से विवाह होता है। दिन पर दिन सुदामा अत्यंत गरीब हो जाते हैं और श्री कृष्णा द्वारकापुरी के राजा हो जाते हैं। बहुत बार पत्नी के हठ करने के पश्चात सुदामा एक दिन अपने बचपन के मित्र श्री कृष्ण के पास मदद मांगने के लिए जाने को तैयार होते हैं। ब्राह्मणी श्री कृष्ण को भेंट में देने के लिए पड़ोस से चावल लेकर आती है। और चावल की पोटली लेकर सुदामा द्वारकापुरी के लिए चल देते हैं। मार्ग में नदी मिलती है जहां श्रीकृष्ण केवट के भेष में उन्हें नदी पार कराते है। चलते चलते रात्रि हो जाती है। काफी थकान होने पर सुदामा एक वृक्ष के नीचे सो जाते हैं। तब श्री कृष्ण अपने योग माया से सुदामा को महल के प्रथम द्वार तक पहुंचा देते हैं। प्रभु अपने बचपन के मित्र सुदामा से मिलने महलों से द्वार तक दौड़ कर आते हैं और अपने मित्र का पांव पखारते हैं। सुदामा संकोच वश श्रीकृष्ण से कुछ भी नहीं मांग पाते है। उनके कुछ नहीं मांगने पर भी श्री कृष्ण मुट्ठी भर चावल के बदले दो लोक की संपत्ति प्रदान करते हैं। इस दृश्य को देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।

**पुत्र के वियोग में महाराजा दशरथ का त्याग दिया प्राण :** वहीं, देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान "दशरथ मरण, चित्रकूट में श्रीराम व भरत मिलन" प्रसंग का मंचन हुआ। जिसमें मंचन के दौरान दिखाया गया कि जब मंत्री सुमंत प्रभु श्री राम लक्ष्मण व सीता को गंगा के समीप छोड़कर लौटते हैं तो वह काफी दुखी व व्यथित होते हैं। मंत्री सुमंत को दुखित व व्याकुल देखकर निषाद राज उन्हें बहुत समझाते हैं और उनको सकुशल अयोध्या पहुंचाने के लिए उनके रथ पर अपना सारथी उनके साथ लगा देते हैं। मंत्री सुमन्त विलाप करते हुए सायं काल के बाद अयोध्या पहुंचते हैं। जहां महाराज दशरथ से सारा वृतांत सुनाते हैं । महाराज व्यथित हो जाते हैं और पूर्व में घटित श्रवण कुमार की कथा को रानी कौशल्या से जाकर बताते हैं। पुत्र के वियोग में महाराजा दशरथ की हालत काफी बिगड़ जाती है और उनका देहांत हो जाता है। राजन के देहांत की खबर सुनकर वशिष्ट जी आते हैं वह एक दूत को भरत जी को बुलाने के लिए उनके ननिहाल भेजते हैं। भरत जी आते हैं और वह राम लक्ष्मण को नहीं देख उनके बारे में पूछते हैं। सारे वृतांत की जानकारी होने पर वह माता कैकई को नाना प्रकार के वचन सुनाते हैं और अपने पिता राजा दशरथ का अंतिम संस्कार करने के उपरांत भरत जी श्री राम को मनाने के लिए चित्रकूट जाने की तैयारी करते हैं। मार्ग में उन्हें निषादराज से भेंट होती है। निषाद राज जी उन्हें लेकर प्रभु श्रीराम जी के पास पहुंचते हैं जहां भगवान श्री राम व भरत जी का भावपूर्ण सुंदर मिलन होता है। भगवान श्रीराम को जब यह पता चलता है कि उनके पिता का देहांत हो गया तो काफी दुखी होते हैं और नदी के किनारे जाकर पिता को श्रद्धांजलि देते हैं। भरत उनको अयोध्या लौटने की बार-बार विनती करते हैं, परंतु श्री राम पिता के वचनों द्वारा वचनबद्ध होने की बात कहकर लौटने से इन्कार कर देते हैं।

### चरण पादुका लेकर अयोध्या लौटते हैं भरत

भरत जी पर कृपा करते हुए अपनी 'चरण पादुका' दे देते हैं। भरत जी उस चरण पादुका को लेकर अयोध्या लौटते हैं, और राज सिंहासन में पादुकाओं को स्थापित कर देते हैं । इस मार्मिक दृश्य को देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं और लोगों के आंख से आंसू छलकने लगता है। इसके पूर्व में सायं 4:00 बजे रामलीला मैदान (किला) से भरत जी का रथ निकल कर पूर्व निर्धारित मार्ग क्रमशः रामरेखा घाट मोड़, पीपी रोड़, ठठेरी बाजार मोड़, जमुना चौक, हनुमान फाट, खलासी मुहल्ला, ज्योति चौक, होते हूए स्टेशन रोड स्थित कमलदह सरोवर से भ्रमण करते हुए सीधे मार्ग से रामलीला मंच पहुंचती है। जहां सभी लीला मंचित होता है। जहां पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं। इस दौरान पूरा रामलीला परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था।

# जमीनों का पुर्नमूल्यांकन करें प्रशासन मुआवजा बढ़ाने पर अड़े किसान

- ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा कम दिए जाने पर भड़के किसान, उठाई मांग
- जिलाधिकारी से मिलने के लिए घाटों किया इंतजार, नहीं हुई मुलाकात



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पूर्व विधायक राजेंद्र यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान पहुंचे। किसानों ने जंगीपुर से मांझी घाट तक जाने वाली ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा कम दिए जाने पर आक्रोश जाहिर किया।मुआवजा बढ़ाने जाने की मांग लेकर किसान डीएम से मिलने पहुंचे, लेकिन जिलाधिकारी के कार्यालय में न रहने से निराश हो वापस लौटना पड़ा। किसानों ने मीडिया को बताया कि एक्सप्रेस-वे में अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा वर्ष 2015 के सर्किल रेट के आधार पर दिया जा रहा है। जबकि वर्ष 2022 में जमीन की कीमत बढ़ चुकी है। आबादी के पास, कस्बे के पास, सड़क से सटी जमीनों की कीमत दिये जाने वाले मुआवजे से दो गुने से तीन गुना तक बढ़ चुकी है।

### बढ़े हुए रेट से की गई रजिस्ट्री

जो भूमि सड़क से सटे, कस्बा से समीप एवं आबादी के पास स्थित है उसकी कीमत और अधिक है, इनका मुआवजा पुर्नमूल्यांकन कर और अधिक निर्धारित किया जाए। बहुत से किसानों ने वर्ष 2015 से 2022 के बीच बढ़े हुए रेट से ही जमीनों की रजिस्ट्री कराई है, जो आज के सर्किल रेट से दो गुना या तीन गुना है। सबसे उपजाऊ जमीन की गई है अधिगृहीत किसानों की मांग है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए जनपद-गाजीपुर में अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि जो जनपद की सबसे उपजाऊ भूमि है, इसको ध्यान में रखकर पुर्नमूल्यांकन करके मुआवजा बढ़ा कर दिया जाए। इस दौरान विपिन प्रधान, राजेश राय, रामबचन बिंद, आफताब आलम, आनंद राय, आनंद प्रधान, संजय राय, महेंद्र सिंह, दिनेश राय, अमरनाथ सिंह कुशवाहा, सती राम, कुबेर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### 7 सालों में बढ़ी जमीनों की कीमत

ऐसी स्थिति में जमीनों का पुर्नमूल्यांकन करके किसानों को अधिक मुआवजा देना न्यायसंगत है। वर्ष-2015 के सर्किल रेट के अनुसार जमीनों का मुआवजा 60 लाख, 70 लाख एवं 80 लाख प्रति बीघा की दर से दिये जाने का प्रस्ताव है, जबकि 2015 के बाद 7 वर्षों में जमीनों की कीमतें बढ़ चुकी हैं। पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव ने कहा कि किसानों को बढ़े हुए दर पर 12 प्रतिशत ब्याज दर जोड़कर जमीनों का मुआवजा दिया जाए।

## सात आईएस प्रशिक्षु अफसरों ने जानी गांव में विकास योजनाओं का हाल

**नवानगर ब्लाक के बघुड़ी गांव में योजनाओं का ले रहे है ज्ञान, खूबियां-खामियां से हुए रू-ब-रू**

**केटी न्यूज/बलिया**

जिले के नवानगर ब्लाक के सिकंदरपुर पंचायत स्थित बघुड़ी गांव में कौतुहल कुछ बढ़ गया है। जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर इस गांव में सात प्रशिक्षु आईएएस प्रशिक्षण के क्रम में पहुंचे हैं। राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी से भेजे गए ये अधिकारी स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर गांवों और यहां के लोगों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। गांव की खूबियों को देख रहे हैं तो खामियों को भी परख रहे हैं। खास बात यह कि प्रशिक्षुओं की टीम में शामिल आयुषी नेत्रहीन हैं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में 45वीं रैंक हासिल की थी। सोमवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग से अतुल तिवारी के साथ इन प्रशिक्षु अधिकारियों ने माध्यमिक शिक्षा की बारीकियों को समझा। मंगलवार की सुबह न्याय पंचायत बघुड़ी में सभी अधिकारियोंका कैंप लगाया गया। प्रशिक्षु आईएएस आयुषी व ओमकार पवार ने लोगों से बात कर उनकी समस्याएं जानीं उनके निदान के उपाय भी बताए। ग्रामीण महिलाओं ने बिजली व शौचालय की दिक्कतें गिनायीं। प्रशिक्षु अनुराग दारू ने बताया, शिक्षा व्यवस्था बेहतर मिली। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के टिप्स भी बच्चों व अभिभावकों को दिए। सवालों को हल करने का बेहतर तरीका समझाया। बातचीत में कहा, गांवों में पानी की बबार्दी अधिक है। बेकार पानी को फिल्टर कर खेतों में किस प्रकार उपयोग किया जाय, इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार


**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दिलदारनगर एवं नगसर हाल्ट थाना निवासी चार कुख्यात चोरों को जीआरपी ने मंगलवार की देर रात पीडीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक और दो के पूर्वी छोर से धर-दबोचा। उनके पास रेल यात्रियों से चोरी किए गए 18 हजार रुपये और स्मार्टफोन बरामद किए गए। पूछताछ के बाद चोरों का चालान कर दिया गया। पकड़े गए चारों चोर ट्रेन में रेल यात्रियों को अपना शिकार बनाते हैं। पीडीडीयू जंक्शन के जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह और दिलदारनगर जीआरपी चौकी प्रभारी शिव सागर के नेतृत्व में टीम भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक और दो के पूर्वी छोर स्थित नाम पट्टिका बोर्ड के पास चार युवक दिखे जो टीम को देखते ही भागने लगे। जीआरपी ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोरों में मनोज राम निवासी फुल्ली दुर्गा मंदिर के सामने थाना दिलदारनगर के पास एक स्मार्टफोन और 3500 नकदी, शिबू डोम निवासी बभनौलिया गांव नगसर हाल्ट थाना के पास से 5400 नकदी बरामद हुई। बभनौलिया गांव के ही गिरजा डोम के पास से 5000 नकदी, शहरी डोम के पास से 4500 रुपये बरामद हुए। पीडीडीयू जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि इनके खिलाफ चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के कई संगीन मामले दर्ज हैं।

# संत व ईश्वर नहीं करते किसी से भेदभाव : स्वामी

## सामर्थ्य एवं वैभव का दुरूपयोग करने वालों को भी भगवान देते है दण्ड, नारायण नाम से ही कट जाते है सारे कष्ट

**केटी न्यूज/बलिया**



प्रवचन करते जीयर स्वामी



स्वामी जी का प्रवचन सुनते श्रोता श्रद्धालु

संत और ईश्वर सबके लिए होते हैं। ये किसी में भेद नहीं करते। यही कारण है कि राक्षस भी तपस्या करते हैं, तो ईश्वर बगैर किसी पूर्वाग्रह के उन्हें वरदान देते हैं। जीयर स्वामी ने बुधवार की शाम दुबहड़ के जनाड़ी स्थित जनेश्वर मिश्र सेतु के पास चातुर्मास व्रत स्थल पर रहे प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तप के बल पर प्राप्त बरदान का दुरूपयोग होने पर दंड भी देते हैं। सामर्थ्य एवं वैभव का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। जीयर स्वामी ने श्रीमद्भागवत कथा के तहत चौबीस अवतारों में नृसिंह अवतार की चर्चा करते हुए हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद के बारे में बतायी। हिरण्यकश्यप एक बार घोर तपस्या से ब्रह्मा जी द्वारा वरदान पाकर अत्याचार करने लगा। पुनः स्वर्ग प्राप्ति की कामना से तपस्या करने गया। देव गुरू वृहस्पति सुग्गा का रूप धारण कर नारायण-नारायण की जाप करने लगे। नारायण विरोधी हिरण्यकश्यप इसे अशुभ मानकर लौट गया। वह अपनी पत्नी कयाधु से इसकी चर्चा की। कयाधु उस दिन अपने को धन्य मान रही थी कि आज मेरे पति हिरण्यकश्यप चाहे जो कारण रहा हो नारायण नारायण तो बोल रहे हैं। वह बार-बार अपने पति से उस प्रसंग की चर्चा करती रही। कयाधु ने उस दिन बार-बार नारायण के नाम वाली इस घटना की चर्चा करते हुए संतानोत्पत्ति हेतु अपने पति को राजी किया। परिणामस्वरूप नारायण भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ।

तेजस्वी संतान की प्राप्ति के लिए माता-पिता को ईश्वर के प्रति आस्था रखना होगा

स्वामी जी ने कहा कि सुन्दर और तेजस्वी संतान की प्राप्ति के लिए माता-पिता को ईश्वर के प्रति आस्था रखते हुए अपने आचरण और व्यवहार में शुद्धता के साथ संतानोत्पत्ति का संयोग बनाना चाहिए। आज भी विज्ञान गर्भावस्था में माताओं को कुछ कार्यों से निषेद्ध तो कुछ पालन करने की सलाह देता है। सनातन धर्म में हजारों साल पहले इसकी चर्चा ऋषियों ने कर दिया है। श्री स्वामी जी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम में संतानोत्पत्ति भी एक धर्म है। इस धर्म का पालन मयार्दा के साथ होना चाहिए। भारतीय स्मृतियों में संस्कार पर व्यापक विचार हुआ है। गभार्धान भी एक प्रमुख संस्कार है। संस्कार-युक्त गभार्धान से संस्कारी संतान की उत्पत्ति होती है। अच्छे व्यक्तियों से ही अच्छा समाज बनता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की जैसी सोच, समर्पण और व्यवहार होता है, प्रतिफल भी उसी के अनुरूप प्राप्त होता है।

## एक नजर

### फोन कर साइबर ठगों ने बैंक अकाउंट से उड़ाए 2.49 लाख रुपये




**सासाराम।** साइबर क्राइम का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों के अकाउंट से पैसे गायब हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही मामला सासाराम नगर थाना क्षेत्र के भारतीगंज से आया है। जानकारी के अनुसार भारतीगंज निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र मनु कुमार के एसबीआई अकाउंट से 23 सितम्बर को दो लाख 49 हजार 8 रुपए साइबर अपराधियों द्वारा निकासी कर लिया गया। जिसकी तत्काल सूचना स्थानीय थाने को दी गई। आवेदन में बताया गया कि उनके मोबाइल नंबर 8271523126 पर एक कॉल आया और कहा गया कि आपका एसबीआई का अकाउंट ब्लॉक हो गया है इसके लिए अपना पैन अपडेट कराएं। उसके कुछ ही देर बाद ही उनके अकाउंट से 2 लाख 49 हजार 8 रुपये कट गए। पैसे कटने की सूचना तत्काल एसबीआई बैंक के टोल फ्री नंबर पर दिया गया और इसकी सूचना साइबर सेल को भी दिया गया। पीड़ित ने 23 सितंबर को ही स्थानीय थाना को लिखित शिकायत दे प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई। आवेदन दिए हुए 6 दिन हो गए अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। जबकि साइबर सेल द्वारा थाने को भी सूचित कर दिया गया। बावजूद अभी तक थाने ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया।

### प्रशिक्षण देने के नाम पर अवैध बसूली एनजीओ संचालक समेत तीन पर एफआईआर

**रेवती।** प्रशिक्षण देने के नाम पर दुकानदारों से पैसे की वसूली के आरोप में पुलिस ने एनजीओ संचालक समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा में गवर्मेंट ऑफ इंडिया का बोर्ड तथा हूटर लगी कार से पहुंचे कुछ लोग दुकानदारों से प्रशिक्षण के नाम पर पैसे की वसूली करने लगे। जानकारी होते ही दुकानदारों ने मामले से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। साथ ही विरोध पर उतर आए। जानकारी होने पर पहुंची पुलिस तीनों को गाड़ी समेत पकड़कर थाने ले गयी। कार्रवाई की मांग को लेकर दुकानदार व अन्य लोग घंटों थाने पर डटे रहे। सूचना मिलने के बाद एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र व प्रशिक्षु सीओ उस्मान पहुंच गये। इसके बाद पुलिस ने कार पर हूटर लगाने आदि के मामले में करीब 16 हजार रुपये का सम्मन शुल्क काटा तथा अधिकारियों ने दुकानदारों से वसूले गये लगभग सात हजार 875 रुपये वापस कराकर छोड़ दिया। अधिकारियों व पुलिस को लगा कि मामले का पटाक्षेप हो गया। इसी बीच, मामला डीएम सौम्या अग्रवाल तक पहुंच गया। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। मंगलवार की देर शाम मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बांसडीह ओमप्रकाश, फूड इंस्पेक्टर सदर प्रेम कुमार यादव व सिकन्दरपुर के नरेंद्र कुमार पहुंच गये। उन्होंने दुकानदार वीरेन्द्र गुप्त से थाने में तहरीर दिलवायी। इसके आधार पर पुलिस ने एनजीओ संचालक हल्दी थाना क्षेत्र के बेलहरी निवासी हमेंत मिश्र, बैरिया थाना क्षेत्र के जगदेवा निवासी अजय मिश्र तथा मनियर निवासी पवन तिवारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लखनऊ से एक संस्था बिंटोग्रीन स्कील प्राईवेट लिमिटेड को दुकानदारों को प्रशिक्षण देने के लिये नियुक्त किया गया था। संस्था को इसके एवज में दुकानदारों से कुछ शुल्क लेने का अधिकार था। प्रशिक्षण के बाद दुकानदारों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र भी देने का प्राविधान है। हालांकि दुकानदार प्रशिक्षण में कब शामिल होगा, यह उसके उपर निर्भर है। इसके लिये किसी प्रकार का दबाव बनाना अनुचित है। दुकानदारों को डराना-धमकाना अथवा खुद को खाद्य विभाग का अधिकारी बताना गलत है।

### आईपीएस के प्रदेश अध्यक्ष बने बृजेश यादव बागी व जुबेर खान बागी प्रदेश महासचिव

**बलिया।** शहीदे आजम भगत सिंह जी कि 116 वीं जयंती समारोह व इंडियन पीपुलस सर्विसेज (आईपीएस) का प्रथम प्रदेश सम्मलेन क्रांति मैदान टाउन हाल बापू भवन टाउन हाल में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगत सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर फूल माला पुष्प चढ़ाई गई। उसके बाद भगत सिंह जी कि विचार धारा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान भगत सिंह विचारों, लेखों व उनकी जेल डायरी को स्तनक तथा स्नात्तकोत्तर में शामिल करने की मांग की गई। साथ ही, भगत सिंह के विचारों को आईपीएस कार्यकत्तार्यों द्वारा हर स्कूल, कॉलेज, विद्यालय, विश्वविद्यालयों के साथ हर शहर कस्बे गांव के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब तक पहुंचाने की बात की गई। ताकि, भ्रष्टाचार मुक्त समाज, निजीकरण, पूंजीवादी मुक्त समाजवादी आर्थिक गणतंत्र की स्थापना होगा। तभी जाकर गरीबों का भला हो सकेगा। कार्यक्रम के अगले कर्म में आईपीएस प्रथम प्रदेश सम्मेलन में सर्वसम्मत से बृजेश यादव बागी को प्रदेश अध्यक्ष, जुबेर खान को प्रदेश महासचिव तथा सागीर अंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया। जिन्हे आईपीएस के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द गोंडवाना ने सभी पदाधिकारीयों को संगठन के प्रति निष्ठा ईमानदारी व जन सेवा के प्रति समर्पण कि शपथ दिलाई। नव नियुक्त आईपीएस के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश यादव बागी ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार हम सब का जन्म सिद्ध अधिकार है।